.............................................................................................................................................................

**(HINDI)**

**(Second Language)**

***(Three Hours)***

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

.............................................................................................................................................................

*This paper comprises of two Sections—**Section A** and **Section B***

*Attempt **all** the questions from **Section A.***

*Attempt any **four** questions from **Section B**, answering at least one question each from the **two** books you have studied and any **two** other questions.*

*The intended marks for questions or part of questions are given in brackets [ ].*

.............................................................................................................................................................

## SECTION A (40 Marks)

*Attempt **all** questions*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics:- [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :-

(i) प्रदूषण वर्तमान युग की सबसे बड़ी समस्या है | इसके कारण एवं निदान पर अपने विचार लिखिए |

(ii) सदाचारी व्यक्ति जीवन के हर पहलू में सकारात्मक सोच रखते हैं | मानव जीवन में सदाचार का महत्त्व स्पष्ट करते हुए समझाइए |

(iii) किसी ऐसी यात्रा का वर्णन कीजिये जब आपको एक रात स्टेशन पर बितानी पड़ी |

(iv) 'वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे' उक्ति को आधार बनाकर एक कहानी लिखिए |

(v) प्रस्तुत चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर कोइ लेख अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए |



**Question 2**

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below: - [7]

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए :-

(i) अस्वस्थ दादा जी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए दादी जी को पत्र लिखिए |

(ii) रेलवे कर्मचारी के दुर्व्यवहार की शिकायत करते हुए स्टेशन मास्टर को पत्र लिखिए |

**Question 3**

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible:-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए | उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिएँ :-

अंतरिक्ष यात्री नियुक्त होने के दो वर्ष पश्चात ही १८८६ में कल्पना के जीवन में यह अवसर आया जबकि उन्हें अंतरिक्ष-यान कोलम्बिया के अट्ठारह दिवसीय अंतरिक्ष अभियान का सदस्य चुना गया | इस तरह वे अंतरिक्ष भ्रमण करने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं | बाद में उन्होंने अंतरिक्ष के अपने अनुभवों के बारे में कहा है- "मैं यान की खिड़की से ही अपनी धरती पर हो रहे दिन और रात वाले भागों को निहारती रहती | महाद्वीप और महासागर धीरे-धीरे घूमते होते और धरती अपने सौंदर्य की मनोहारी छटा बिखेरती होती| मैं यह देखकर हैरत में पड़ जाती कि सिर्फ ६० मिनिट में हमारा यान धरती की परिक्रमा कर लेता है - सिर्फ ६० मिनिट, मैं सोचती कि हमारा ग्रह वास्तव में कितना लघु, कितना क्षण भंगुर है |"

कल्पना चावला को अंतरिक्ष यात्रा का दूसरा अवसर १७ जनवरी २००३ को मिला,जबकि वे सोलह दिवसीय अभियान के लिए एक बार फिर कोलम्बिया-यान में अपने छ सहयोगियों समेत सवार हुई, किन्तु इस बार कोलम्बिया कि वापसी की यात्रा सुरक्षित न रह सकी | कल्पना समेत छः अंतरिक्ष यात्री दुर्घटना के शिकार होकर काल-कवलित हो गए|

आज कल्पना चावला नहीं हैं, लेकिन अपने पीछे ये दृढ़ निश्चय और कठिन परिश्रम के द्वाराअसंभव को संभव बनाने वाली विस्मयकारी विरासत छोड़ गई हैं|

आसमान की ऊँचाइयों को नापते हुए भी कल्पना ने अपनी जड़ों की विस्मृति नहीं की| वे अपने शहर व अपने स्कूल 'टैगोर बाल निकेतन' के संपर्क में जीवनभर बनी रहीं| उन्हीं के प्रयासों का फल है कि प्रतिवर्ष उनके स्कूल से दो छात्राओं को नासा अपने यहाँ आमंत्रित करता है| कल्पना भारतीय युवाओं विशेषकर लड़कियों के लिए प्रेरणा का प्रकाश-स्तंभ हैं |

(i) कल्पना चावला किस विद्यालय में पढ़ती थीं ? उनकी वजह से आज विद्यालय को क्या सौभाग्य प्राप्त है ? [2]

(ii) कल्पना चावला को प्रथम बार अंतरिक्ष-अभियान का सदस्य कब चुना गया ? यान की खिड़की से वे क्या निहारा करती थीं ? [2]

(iii) अंतरिक्ष-यान कितने मिनिट में पृथ्वी की परिक्रमा पूरी कर लेता है ? उसे देखकर कल्पना अपने मन में क्या विचार करती थीं ? [2]

(iv) कल्पना को दूसरी यात्रा का अवसर कब मिला और वापसी में क्या घटना घटी ? [2]

(v) कल्पना चावला के जीवन से नवयुवतियों को क्या शिक्षा मिलती है ? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given:-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

(i) निम्लिखित शब्दों में से किन्हीं चार शब्दों के विलोम लिखिए :-

अस्त, उपकार, एकमुखी, साकार, बाहरी, ऊँचा [1]

(ii) निम्लिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :-

अग्नि, मंदिर [1]

(iii) निम्लिखितमुहावरों में से किसी एक मुहावरे की सहायता से वाक्य बनाइये :-

आँखों का तारा, कमर कसना [1]

(iv) निम्लिखित शब्दों में से किन्हीं चार शब्दों को शुद्ध कीजिए :-

परिक्षा, क्योंकी, शांती, उजजवल, अतीरिक्त, समूद्री [1]

(v) निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए :-

(a) रामचंद्र जी का आदेश था इसलिए लक्ष्मण को जाना था | (सरल वाक्य बनाइये) [1]

(b) बालक गुड्डे से खेल रहा है | (वाक्य में लिंग बदलिए) [1]

(c) राम गेंद से खेलता है | (कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिए) [1]

(d) मोहन कल विद्यालय गया था | (भविष्यकाल में परिवर्तित कीजिए) [1]

## SECTION B (40Marks)

*Attempt **four** questions from this section.*

*You must answer at least **one** question from each of the **two** books you have studied and any **two** other questions.*

### साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ

### ( Sahitya Sagar – Short Stories )

**Question 5**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्लिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

“सामने वृक्षों का एक कुञ्ज और कुआँ देखकर सेठ ने विचार किया कि थोड़ी देर रूककर भोजन और विश्राम कर लेना चाहिए | यह सोचकर वे कुञ्ज की ओर बढ़े |”

[महायज्ञ का पुरस्कार - यशपाल]
[Mahayagya Ka Puraskar - Yashpal]

(i) सेठजी कहाँ जा रहे थे ? तथा क्यों ? [2]

(ii) उन्हें विश्राम करने की आवश्यकता क्यों पड़ी? उन्होंने कहाँ विश्राम किया ? [2]

(iii) उनकी पोटली में क्या-क्या था? क्या वे भोजन और विश्राम कर पाए ? [3]

(iv) 'महायज्ञ का पुरस्कार' कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [3]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"तीसरे दिन हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट से जवाब आ गया। बड़ा कड़ा जवाब था और व्यंग्यपूर्ण ।

[जामुन का पेड़ - कृष्ण चंदर]
[Jamun Ka Ped - Krishna Chander]

(i) हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट से क्या जवाब आया और क्यों ? [2]

(ii) जवाब को सुनकर मनचले युवक ने क्या जवाब दिया और क्यों ? [2]

(iii) दबा हुआ आदमी कौन थाऔर उसने क्या आपत्ति प्रकट की ? [3]

(iv) प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"पर जिस स्त्री की मान-प्रतिष्ठा का मैं ईश्वर के दरबार में उत्तरदाता हूँ, उसके प्रति ऐसा घोर अन्याय और पशुवत व्यव्हार असह्य है।"

[ बड़े घर की बेटी- प्रेमचन्द]
[Bade Ghar Ki Beti-Premchand]

(i) उपर्युक्त कथन किसने किससे कहा है ? [2]

(ii) वक्ता के लिए कौनसी बात असह्य थी तथा क्यों ? [2]

(iii) वक्ता ईश्वर के दरबार में किस बात के लिए उत्तरदाता है और क्यों ? [3]

(iv) वक्ता के प्रस्तुत कथन से उसके चरित्र की किन-किन विशेषताओं का पता चलता है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। [3]

## साहित्य सागर - पद्य भाग
**( Sahitya Sagar-Poems )**

**Question 8**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

"झरने अनेक झरते जिनकी पहाड़ियों में
चिड़िया चहक रही हों जिन की झाड़ियों में"

[वह जन्मभूमि मेरी- सोहनलाल द्विवेदी ]
[Wah Janmabhumi Meri – Sohanlal Dwivedi]

(i) जन्मभूमि किसे कहते हैं ? यह हमें क्या देती है ? [2]

(ii) कवि ने जन्मभूमि को अन्य किन-किन नामों से पुकारा है ? [2]

(iii) कवि ने मातृभूमि की विशेषताएं किस प्रकार प्रकट की हैं ? [3]

(iv) प्रस्तुत कविता का केंद्रीय भाव लिखिए। [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"सुख दुःख हमारी ही तरह
किसको नहीं सहना पड़ता"

[ चलना हमारा काम है- शिवमंगल सिंह 'सुमन' ]
[Chalna Hamara Kam Hai - Shivmangal Singh 'Suman']

(i) कवि ने हमें क्या करने की प्रेरणा दी है और क्यों ? [2]

(ii) व्यक्ति को कब तक विश्राम नहीं करना चाहिए और क्यों ? [2]

(iii) हमें हमेशा कौन सी बातें याद रखनी चाहियें और क्यों ? [3]

(iv) घोर दुःख में भी हमें क्यों नहीं यह कहना चाहिए कि विधाता हमारे विपरीत है ? [3]

**Question 10**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"मेरे लाल को आउ निंदरिया, काहे न आनि सुलावै" ।

[ सूर के पद - सूरदास ]
[Sur Ke Pad - Surdas]

(i) यहाँ सूरदास जी ने यशोदा के किस प्रयास का वर्णन किया है ? [2]

(ii) यहाँ कवि ने श्रीकृष्ण की किन-किन क्रियाओं का रोचक चित्र प्रस्तुत किया है ? [2]

(iii) प्रस्तुत पद में कवि सूरदास जी ने किस सुख की चर्चा की है तथा उस अनुभव की प्राप्ति किसे हो रही है? [3]

(iv) कवि सूरदास जी के जीवन के विषय में बताते हुए उनका साहित्यिक परिचय दीजिये। [3]

**नया रास्ता ( सुषमा अग्रवाल )**
**[ Naya Raasta -Sushma Agarwal ]**

**Question 11**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"दूसरे दिन प्रात: होते ही दयाराम जी के घर में मेहमानों के स्वागत के लिए विभिन्न प्रकार की तैयारियां हो गयीं थी। घर की सारी चीजें झाड़ पोंछ कर यथास्थान लगा दी गयीं थी।"

(i) प्रस्तुत पंक्तियों में कौन किसके घर आ रहा है ? [2]

(ii) आने वाले मेहमान को विशेष महत्त्व क्यों दिया जा रहा है ? [2]

(iii) विभिन्न प्रकार की तैयारियाँ विशिष्ट सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) आने वाले मेहमान से परिवार के लोगों को क्या उम्मीद है ? [3]

**Question 12**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"यह कैसी विचित्र घड़ी होती है। माता-पिता जिस बेटी का लालन-पालन इतने वर्षों तक लाड़ प्यार से करते हैं, उसी बेटी को सदा के लिए दूसरों के हाथों में सौंप देते हैं।"

(i) यहाँ विचित्र घड़ी से क्या उद्देश्य है ? [2]

(ii) 'बेटी पराया धन होती है' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) वर्षों के प्यार दुलार के बाद लड़की को बिछुड़ना क्यों पड़ता है ? [3]

(iv) प्रस्तुत उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 13**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"वह समझ नहीं पा रही थी कि हमारे समाज में स्त्री और पुरुष में इतना भेद क्यों? यदि कोई लड़का अकेला रहता है तो समाज उस पर अंगुलियाँ नहीं उठाता।"

(i) किसकी बातें सुनकर वक्ता इतनी परेशान है ? [2]

(ii) समाज में स्त्री व पुरुष में इतना भेद क्यों है ? [2]

(iii) लड़की के जीवन में इतनी कठिनाइयाँ क्यों आती हैं ? [3]

(iv) उपर्युक्त पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए। [3]

## एकांकी संचय

**[ Ekanki Sanchay ]**

**Question 14**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"भविष्य को भी तुम चाहो तो बहका सकते हो युधिष्ठिर |पर सुयोधन को नहीं बहका सकते, क्योंकि उसने अपने बचपन से लेकर अबतक की एक-एक घड़ी तुम्हारे ईर्ष्या के रथ की गडगडाहट सुनते हुए बिताई है। तुम्हारी तैयारियों ने उसे एक रात भी चैन से सोने नहीं दिया।"

[महाभारत की एक सांझ- भारत भूषण अग्रवाल]
[Mahabharat Ki Ek Sanjh- Bharat Bhushan Agrawal]

(i) कथन के वक्त का परिचय देते हुए बताइये कि 'भविष्य को भी चाहो तो बहका सकते हो' इस पंक्ति का क्या अभिप्राय है ? [2]

(ii) 'ईर्ष्या के रथ' से क्या अभिप्राय है? ईर्ष्या किसे होती है ? यहाँ इसका उल्लेख क्यों किया जा रहा है ? [2]

(iii) 'तुम्हारी तैयारियों ने उसे एक रात भी चैन से सोने नहीं दिया ।' यह वाक्य कब कहा गया है? तथा दुर्योधन की किस मन:स्थिति को प्रकट करता है ? [3]

(iv) उपर्युक्त कथन की युधिष्ठिर पर क्या प्रतिक्रिया होती है और क्यों ? समझाइये। [3]

**Question 15**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"हाँ उमा, अतुल मैं ठीक कह रही हूँ, वह नहीं बचेगा। उसे बचाने की शक्ति मुझी में है, केवल मुझी में।"

[ संस्कार और भावना – विष्णु प्रभाकर ]
[Sanskar Aur Bhavana -VishuPrabhakar

(i) कथन के वक्ता तथा श्रोता का परिचय दीजिए। [2]

(ii) उपर्युक्त कथन किसके सम्बन्ध में है? उसे क्या हो गया है ? वह क्यों नहीं बचेगा ? [2]

(iii) वक्ता यह क्यों कहती है कि सिर्फ वही उसे बचा सकती है ?
क्या वह उसे बचा पाती है ? [3]

(iv) अतुल माँ से क्या चाहता है ? इसके लिए वह माँ को क्या चेतावनी देता है ?
इस चेतावनी पर माँ की क्या प्रतिक्रिया होती है ? [3]

**Question 16**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"तुम कभी रात में अकेले नहीं जाओगे। चारों तरफ जहरीले सर्प घूम रहे हैं। किसी समय भी तुम्हे डस सकते हैं।"

[ दीपदान- डा०राम कुमार वर्मा ]
[Deepdaan - Ram Kumar Verma]

(i) वक्ता एवं श्रोता का परिचय देते हुए बताइये कि यहाँ कौन किसको रात में अकेले जाने को मना कर रहा है ? [2]

(ii) 'चारों तरफ जहरीले सर्प घूम रहे हैं '-- वक्ता का आशय स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) वक्ता श्रोता के प्रति हमेशा चिंतित क्यों रहती है ? समझाइये। [3]

(iv) प्रस्तुत एकांकी के शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए। [3]